# नई टिहरी कलेक्ट्रेट में सजा जनता दरबार

## सीडीओ ने 33 फरियादियों की समस्याएं सुन अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** आम जनमानस की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के दिशा-निर्देशों पर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस जनता दरबार में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। इस दौरान मोटर मार्ग निर्माण, सड़कों के सुधारीकरण, जंगली झाड़ियों के कटान, प्रमाण पत्र जारी करने और सुरक्षा दीवार लगाने जैसे कुल 33 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। जनता दरबार में प्रतापनगर तहसील के अंतर्गत ओखला गांव निवासी धनवीर सिंह रावत ने एक गंभीर समस्या उठाई। उन्होंने बताया कि ओखला-मोटणा-मदननेगी मोटर मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से ओखला बस्ती का राजकीय प्राथमिक विद्यालय खतरे की जद में आ गया है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को तत्काल सुरक्षा दीवार लगाने और मलबा हटाने के कड़े निर्देश दिए, ताकि स्कूली छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वहीं, देवप्रयाग तहसील के बनगढ़ निवासी बबली देवी ने अपने पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि उनके पिता मंगलू, जो मूल रूप से टिहरी तहसील के गोदी सिराई के निवासी थे, का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है। इस पर एसडीएम टिहरी को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। पेंशन और आवास से जुड़ी समस्याओं पर भी प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाई। बादशाहीथौल के सौन्दकोटी गांव निवासी सुरजा खत्री ने अपने पति जीत राम की मृत्यु के पश्चात उनकी सामान्य भविष्य निधि, पेंशन और अन्य देयकों के भुगतान की मांग की, जिस पर वरिष्ठ कोषाधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा गया। इसी तरह, नई टिहरी के एफ ब्लॉक निवासी गब्बर सिंह पंवार द्वारा सरकारी आवास की मरम्मत की मांग पर संबंधित विभाग को कार्यवाही के निर्देश मिले। स्वास्थ्य सेवाओं के संदर्भ में बालगंगा तहसील के मयकोट निवासी राजेंद्र लाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाटा चमियाला के आसपास अत्यधिक कांटेदार झाड़ियां होने की समस्या बताई और केंद्र को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उचित कदम उठाने के लिए निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने जनता दरबार के समापन पर सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जनता की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन मामलों का निस्तारण तत्काल संभव नहीं है, उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर हल किया जाए और उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इस अवसर पर उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों की समीक्षा भी की। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार, उप-जिलाधिकारी प्रतापनगर स्नेहिल कुंवर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. श्याम विजय और उप-जिलाधिकारी टिहरी संदीप सहित सभी प्रमुख जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### एक नजर

### 54 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**चमोली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर उप जिलाधिकारी राजकुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जन जन की सरकार, जन जन के द्वार के तहत सोमवार को दशोली विकासखण्ड के राइका निजमुला (ब्यारा) में बहुउद्देशीय शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान यहां जनपद के 23 विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार की जन उपयोगी योजनाओं की जानकारी दी गई। बाल विकास विभाग द्वारा दो महिलाओं को महालक्ष्मी किट प्रदान की गई साथ ही स्वास्थ्य विभाग, होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक विभाग की ओर से ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। शि. विर में ग्रामीणों द्वारा वन, कृषि, स्वास्थ्य, विद्युत एवं लोक निर्माण विभाग से सम्बन्धित कुल 89 शिकायतें दर्ज करवायी गयी,जिसमें 54 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया, जबकि शेष 35 शिकायतों के निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान राज्य मंत्री कल्याण परिषद समाज कल्याण राम चंद्र गौड, एस डी एम चमोली, तहसीलदार चमोली, खंड विकास अधिकारी दशोली, निजमुला घाटी के तमाम ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी एवम क्षेत्र की जनता बड़ी संख्या में मौजूद रही।

### कांग्रेसियों का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**उत्तरकाशी।** अंकिता हत्या काण्ड में कथित वीआईपी के नाम के खुलासे को लेकर कांग्रेस उग्र होती दिखाई दे रही है। उत्तरकाशी मैं कांग्रे. सियों ने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और जनता के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ जिला मुख्यालय से केदार घाट तक प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली गई। सोमवार को उत्तरकशी जिला मुख्यालय में युवा कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ एक बड़ा विरोध प्रदर्शन आयोजित किया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में हो रही लापरवाही पर कड़ा रोष व्यक्त कर मांग रखी कि इस मामले की सीबीआई जांच कराकर दोषियों को सख्त से सख्त सज़ा दी जाए।युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारे लगाकर सरकार को चेतावनी दी कि अब अन्याय पर चुप नहीं बैठेंगे। जनता के हक और बेटियों की सुरक्षा के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई जारी रहेगी। कांग्रेसियों ने सरकार को चेताया कि जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती, तब तक लड़ाई जारी रहेगी। इस दौरान प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस सुधीश पंवार, नगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस रमन कटैथ, वरिष्ठ साथी भगवान चंद जी, गोपीनाथ रावत सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

### सुदामा-कृष्ण की मित्रता निष्काम प्रेम

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर विकासखंड के हिंसरियाखाल क्षेत्र अंतर्गत पाटाखाल (मयाली) गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन क्षेत्र के दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे। इस दौरान पूरा वातावरण राधे-राधे और हरे कृष्णा के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। कथा व्यास आचार्य दीपक नौटियाल ने इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण और परम मित्र सुदामा के प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण, सरल एवं प्रेरणादायी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सुदामा-कृष्ण की मित्रता निष्काम प्रेम, त्याग और सच्ची भक्ति का सर्वोत्तम उदाहरण है। बताया कि सच्चा मित्र वही होता है जो विपत्ति में साथ दे और अहंकार से रहित हो। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विपिन मैठाणी, राजेन्द्र बड़थ्वाल, अनूप बहुगुणा, कार्तिक बहुगुणा, सत्यप्रसाद बडोनी, हृदय राम कोटनाला सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मलेथा गांव में गुलदार की चहलकदमी से दहशत

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के मलेथा गांव में गुलदार के चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण अनिल प्रसाद भट्ट, वीरेंद्र भट्ट ने बताया कि रविवार को उनके घर के आंगन में सांय करीब साढ़े छह बजे गुलदार कि चहलकदमी दिखाई दी। इस दौरान उनके द्वारा गुलदार को डंडे और जोर-जोर से हल्ला मचाकर गुलदार को भगाया गया। गुलदार की चहलकदमी स ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। उन्होने वन विभाग से जल्द गुलदार को पकड़ने और गश्त बढ़ाएं जाने की मांग की है।

### फरसाड़ी में लगा बहुउद्देशीय शिविर

**कोटद्वार।** जन जन की सरकार-जन जन के द्वार अभियान के तहत सोमवार को विकासखंड बीरोंखाल की न्याय पंचायत फरसाड़ी में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल ने की। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रतिभाग कर अपनी समस्याएं रखीं। शिविर के दौरान ग्रामीणों द्वारा कुल 22 शिकायतें दर्ज करायी गयीं, जिनमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए अपर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही शिविर में 88 लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल ने कहा कि जन जन की सरकार जन जन के द्वार अभियान के माध्यम से शासन की योजनाएं सीधे जनता तक पहुंच रही हैं।

### गाजियाबाद से नाबालिग बालिका सकुशल बरामद

**कोटद्वार।** पिछले साल 21 जनवरी को वादी स्थानीय निवासी लक्ष्मणझूला द्वारा थाना लक्ष्मणझूला में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें अवगत कराया गया कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है तथा परि. जनों द्वारा काफी तलाश किए जाने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल पा रहा है। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना लक्ष्मणझूला में अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण की गंभीरता एवं नाबालिग बालिका से संबंधित संवेदनशीलता के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार के निर्देशानुसार उक्त प्रकरण को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को हस्तांतरित कर बालिका की शीघ्र, सुरक्षित एवं सकुशल बरामदगी हेतु विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी एएचटीयू एवं सीआईयू के पर्यवेक्षण में गठित विशेष पुलिस टीम द्वारा लगातार सुरागरसी, तकनीकी सर्विलांस एवं सघन तलाश की गई। पुलिस के सतत एवं समन्वित प्रयासों से यह जानकारी प्राप्त हुई कि गुमशुदा नाबालिग बालिका एक युवक के साथ गाजियाबाद क्षेत्र में है। सूचना की पुष्टि के उपरांत पुलिस टीम द्वारा मुरादनगर, जनपद गाजियाबाद, उ. प्र. से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद किया गया। बरामदगी के बाद बालिका को एएचटीयू कार्यालय लाकर सीडब्ल्यूसी सदस्य की उपस्थिति में विधिसम्मत काउंसलिंग कराई गई। बालिका द्वारा परिजनों के साथ जाने से इंकार करने पर उसकी सुरक्षा एवं हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

# अंकिता हत्याकांडः सीबीआई जांच को लेकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में सीबीआई जांच की मांग को लेंकर जिला कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग ने सोमवार को कीर्तिनगर ब्लॉक के दुगड्डा बाजार में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने बताया कि आज जिला कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग द्वारा कीर्तिनगर ब्लॉक के दुगड्डा बाजार में अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम का नाम वीआईपी के रूप में सामने आने पर सीबीआई की जांच को लेकर दुष्यंत गौतम एवं धामी सरकार का पुतला दहन किया गया। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है कि भाजपा के पूर्व विधायक द्वारा भाजपा उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम और भाजपा संगठन महामंत्री अजय कुमार का नाम वीआइपी के तौर पर लिया गया।

आज 3 साल बाद पूरे प्रदेश की जनता सड़कों पर वीआइपी का नाम उजागर करने हेतु सीबीआइ जांच की मांग कर रही है लेकिन भाजपा सरकार पहले दिन से सबूत मिटाने और अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। पौड़ी पुलिस की वेबसाइट से स्पष्ट होता है की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश पर वन्नतरा रिसॉर्ट पर बुलडोजर चलाकर साक्ष मिटाए गए। यदि भाजपा सरकार पाक साफ है तो सीबीआइ की जांच सुप्रीम कोर्ट की जज की निगरानी में करने के लिए संस्तुति दे। आज पूरे प्रदेश में लोग शर्मिंदा हैं कि आज एक ऐसी पार्टी सत्ता में है जिसने देवभूमि को कलंकित किया है। अंकिता भंडारी को न्याय देने के समर्थन में एक भी भाजपा नेता या नेत्री का बयान न आना घोर निंदनीय है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मो. हनानंद डोभाल ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार महिला विरोधी सरकार है यह सरकार हिंदू विरोधी और सनातन विरोधी सरकार है भाजपा सरकार ने देवभूमि को और हिंदू तथा सनातन को कलंकित करने का काम किया है। सेवादल जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चंद एवं गम्मा सिंह ने कहा कि आज उत्तराखंड की बहन बेटियों को भाजपा के बलात्कारी नेताओं से बचाने के लिए प्रत्येक नागरिक को घर से बाहर निकलना पड़ेगा। यह लड़ाई किसी एक बेटी की नहीं यह उत्तराखंड की अस्मिता की लड़ाई है, जब तक अंकिता को न्याय नहीं मिल जाता कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ती रहेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल, मो. हनानंद डोभाल, राजेंद्र सिंह चंद, रामलाल नौटियाल, राजेंद्र सिंह बुटोला, मनोज चमोली, गम्मा सिंह, राजेंद्र सिंह मैहर, अमन शाह, उदय रावत, सुरेश पुरी, जीतेन्द्र भट्ट, उत्तम परमार, नरेंद्र, करण आदि उपस्थित रहे।



# अंकिता हत्याकांडः प्रतापनगर में उठी मशालें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग और कथित वीआईपी का नाम उजागर करने को लेकर प्रतापनगर क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक विक्रम सिंह नेगी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भैंतलाखाल बाजार में एक विशाल मशाल जुलूस निकालकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। हाथों में जलती हुई मशालें थामे कार्यकर्ताओं ने बाजार में परिक्रमा करते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अंकिता के हत्यारों को सख्त से सख्त सजा दिलाने की मांग की। इस प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस ने सरकार पर मामले की लीपापोती करने और असली दोषियों को बचाने का गंभीर आरोप लगाया है। विरोध प्रदर्शन और जुलूस के पश्चात आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम नेगी ने सरकार की मंशा पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी प्रकरण में प्रदेश सरकार सुनियोजित तरीके से वीआईपी को बचाने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि पूरे प्रदेश में जनता के सड़कों पर उतरने और राज्यव्यापी आंदोलन होने के बावजूद सरकार सीबीआई जांच कराने से लगातार कतरा रही है। उन्होंने एक वायरल ऑडियो क्लिप का हवाला देते हुए कहा कि पूर्व विधायक सुरेश राठौड़ और उनकी महिला मित्र उर्मिला सनावर की बातचीत में भाजपा के प्रदेश प्रभारी और संगठन महामंत्री का नाम स्पष्ट रूप से सामने आया है, जो यह दर्शाता है कि इस मामले के तार कितनी ऊंचाई तक जुड़े हुए हैं। विधायक ने अपनी मांग को दो. हराते हुए कहा कि जब तक इस पूरे प्रकरण की जांच सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई द्वारा नहीं कराई जाती, तब तक निष्पक्षता की उम्मीद करना बेमानी होगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार को हर हाल में वीआईपी का नाम सार्वजनिक करना होगा। कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक अं. किता भंडारी को पूर्ण न्याय नहीं मिल जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा और वे चुप नहीं बैठेंगे। इस मशाल जुलूस और विरोध प्रदर्शन में राकेश थलवाल, राज्य आंदोलनकारी राकेश पैन्यूली, प्रेम सिंह रावत, जय सिंह चौहान, शूरवीर भंडारी, ज्ञान सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में न्याय की गुहार लगाई।



### तहसील दिवस स्थगित

**नई टिहरी।** जनपद की भिलंगना घाटी के निवासियों और फरियादियों के लिए एक आवश्यक सूचना है। तहसील घनसाली में 6 जनवरी (आज) को आयोजित होने वाले तहसील दिवस को प्रशासन ने अपरिहार्य कारणों के चलते फिलहाल स्थगित कर दिया है। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न होना था, जिसमें क्षेत्र की जनता की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जाना प्रस्तावित था। प्रशासन द्वारा लिए गए इस निर्णय के बाद अब मंगलवार को तहसील मुख्यालय में जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित नहीं होगा। प्रभारी अधिकारी, जिला कार्यालय ने इस संबंध में आधिकारिक जानकारी साझा करते हुए बताया कि मंगलवार को घनसाली तहसील मुख्यालय में आयोजित होने वाले इस जनसुनवाई कार्यक्रम को लेकर प्रशासन स्तर पर तैयारियां की जा रही थीं।

# सरकार से मांगा सम्मानजनक वेतन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज रौणद रमोली के प्रांगण में सोमवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक विक्रम सिंह नेगी ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और पोषण की अलख जगाने वाली मातृशक्ति को सम्मानित कर उनका मान बढ़ाया। समारोह के दौरान पट्टी रौणद रमोली और द्विजुला घाटी की आशा कार्यकत्रियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं और विद्यालयों में भोजन की व्यवस्था संभालने वाली भोजन माताओं के समर्पण भाव की सराहना की गई। विधायक ने कहा कि सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों में ये महिलाएं समाज की रीढ़ के समान कार्य कर रही हैं और उनका सम्मान करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। सम्मान समारोह में क्षेत्र के बिजपुर, रावतगांव, पनियाला, ल्वारखा, नाग, गैरी ब्राह्मणों की, बागी, खेतपाली, भरपूर, डोडग थापला, पिपलोगी, कोढ़दी, सिलारी, हलेथ, बेथाण और गैरी राजपूतों की सहित अनेक गांवों की 110 से अधिक मातृशक्ति को सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर पर विधायक ने आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले नन्हें बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शैक्षिक एवं पठन-पाठन सामग्री भी उपलब्ध कराई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह शैक्षिक सामग्री बच्चों के लिए केवल खिलौना मात्र नहीं है, बल्कि यह उनके पठन-पाठन के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में भी मील का पत्थर साबित होगी। विधायक विक्रम सिंह नेगी ने आशा, आंगनबाड़ी और भोजन माताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ये बहनें बेहद कम मानदेय पर काम करने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कर रही हैं। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुरारी लाल खंडवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश थलवाल, विकास विभाग की परियोजना प्रभारी देवेश्वरी बहुगुणा, नत्थी लाल, शिव सिंह पोखरियाल, प्रेम रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहन सिंह नेगी, ज्ञान सिंह रावत, प्रताप असवाल, मनभावन बगियाल, बलवेंद्र बरवाण, राकेश पैन्यूली, निहाल सिंह बर्तवाल, शूरवीर भंडारी, जय सिंह चौहान, सुकेंद्र पंवार, अजय गैरोला, सोहनपाल सिंह, विजयपाल कलूडा, पंकज रावत और प्रमोद सिंह मौजूद रहे।

### 90 मरीजों का हुआ इलाज

**नई टिहरी।** रामकृष्ण मिशन आश्रम देहरादून के विवेकानंद नेत्रालय द्वारा छाम स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 90 ग्रामीणों का आंखों का इलाज किया गया। शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और दूरद. राज के लोगों को सस्ते और प्रभावी इलाज की सुविधा देना था। विवेक. ानंद नेत्रालय के वरिष्ठ सर्जन डा. अजय रावत और उनकी टीम ने मरीजों की गहन जांच की और उन्हें चश्मे व दवाइयां प्रदान की। 60 मरीजों को निशुल्क चश्मे दिए गए, जबकि 10 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए देहरादून भेजा गया। शिविर में आई टेक्नीशियन और फार्मासिस्ट ने भी सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे आयोजन सफल रहा।

# हॉकी प्रतियोगिता की तिथियों में हुआ बदलाव

## अब 15 जनवरी से शुरू होगा रोमांच, मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्राफी के चलते आगे खिसकी प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद के नरेंद्रनगर में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता (अंडर-17 बालक वर्ग) के शेड्यूल में बड़ा बदलाव किया गया है। खेल निदेशालय उत्तराखंड और जिला प्रशासन टिहरी गढ़वाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस खेल महाकुंभ की तिथियों को संशोधित कर दिया गया है। जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपक रावत ने इस संबंध में आधिकारिक जानकारी साझा करते हुए बताया कि अपरिहार्य कारणों और खिलाड़ियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रतियोगिता को कुछ दिनों के लिए आगे बढ़ाया गया है। अब यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित तिथि के बजाय नई तारीखों पर आयोजित होगी, जिससे प्रदेश भर की टीमों को तैयारी और प्रतिभाग का बेहतर अवसर मिल सकेगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में यह प्रतियोगिता 12 जनवरी 2026 से 14 जनवरी 2026 के मध्य राजकीय इंटर कॉलेज नरेंद्रनगर के खेल मैदान में प्रस्तावित थी। हालांकि, वर्तमान समय में जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्राफी का आयोजन किया जा रहा है। खेल विभाग को आशंका थी कि एक ही समय पर दो बड़े आयोजनों के चलते कई जनपदों की टीमें हॉकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से वंचित रह सकती हैं, जिससे प्रतियोगिता का रोमांच और प्रतिस्पर्धा का स्तर प्रभावित हो सकता था। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग ने व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए तिथियों में संशोधन का निर्णय लिया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, अब राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आगाज 15 जनवरी 2026 से होगा और यह 17 जनवरी 2026 तक चलेगी। प्रतियोगिता का आयोजन स्थल राजकीय इंटर कॉलेज नरेंद्रनगर का खेल मैदान ही रहेगा। प्रशासन और खेल विभाग का प्रयास है कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जनपदों की टीमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, ताकि राज्य स्तर पर हॉकी की प्रतिभाओं को एक उचित मंच मिल सके। नई तिथियों की घोषणा के साथ ही खेल विभाग ने सभी संबंधित जनपदों और टीमों को सूचित कर दिया है ताकि वे अपनी यात्रा और ठहरने की व्यवस्था संशोधित कार्यक्रम के अनुसार कर सकें।

# वीआइपी को बचा रही सरकारः गोदियाल

## कांग्रेस लड़ रही है महिलाओं के सम्मान की लड़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में शामिल वीआईपी को भाजपा बचाने का कार्य कर रही है, लेकिन कांग्रेस चुप नहीं रहने वाली। जब तक इसमें सीबीआई जांच नहीं होती है और वीआईपी का नाम उजागर नहीं होता है, तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी।

रुद्रप्रयाग में न्याय बचाओ यात्रा के दौरान पत्रकार वार्ता करते हुये कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं का जीना मुश्किल हो गया है। बीजेपी गुंडाराज चला रही है, इसलिये कांग्रेस महिलओं की सुरक्षा के लिये लड़ाई लड़ रही है। भाजपा के राज में आज महिलाओं का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। भाजपा दोषियों को बचाने का कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा वीआईपी के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय कांग्रेस का पुतला दहन कर रही है और इसका खामियाजा भी भाजपा को ही भुगतना पड़ रहा है। पुतला दहन करने से पहले भाजपा को दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिये।

गोदियाल ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड और आगामी समय में होने वाले चुनाव का आपस में कोई लेना-देना नहीं है। जिस दिन अंकिता भंडारी की हत्या हुई थी, उस दिन से ही कांग्रेस इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग कर रही है। आज स्थिति यह है कि भाजपा के पदाधिकारी ही भाजपा से इस्तीफा देकर मामले में सीबीआई जांच कराने की मांग कर रहे हैं। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुलद. ीप सिंह कंडारी, पूर्व प्रमुख प्रदीप थपलियाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र सिंह बिष्ट, वीरेन्द्र सिंह बुटोला, नगर पंचायत अगस्त्यमुनि अध्यक्ष राजेन्द्र गोस्वामी, हरीश गुसाईं, अर्जुन सिंह गहरवार सहित अन्य मौजूद थे।




### सीबीआई जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के बैनर तले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने रैली निक. ाली और प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार साक्षी उपाध्याय के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। सोमवार को विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी देवी मंदिर चौराहे में एकत्र हुए। यहां से उन्होंने नगर में रैली निकाल प्रदर्शन किया। रैली नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए तहसील पहुंचकर सभा में तब्दील हुई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि अंकिता भंडारी की हत्याकांड के बाद से ही उत्तराखंड की जनता में गहरा आक्रोश व्याप्त है। कहा कि शुरुआत से ही प्रदेश की जनता वीआईपी के नाम का खुलासे की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

# रवांल्टी भाषा का पहला शब्दकोश प्रकाशित

## शब्दकोश से रवांल्टा बोली को मिलेगा बढ़ावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़कोट (उत्तरकाशी)।** रवांल्टी भाषा और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में पहला हिन्दी-रवांल्टी-अंग्रेजी शब्दकोश हाल ही में प्रकाशित हुआ है। इस शब्दकोश का निर्माण साहित्यकार दिनेश रावत ने किया है और प्राक्कथन प्रख्यात लोकभाषा प्रेमी डा. चरण सिंह केदारखण्डी ने लिखा है।

शब्दकोश का लोकार्पण रवांई क्षेत्र के नौगांव में आयोजित रवांई लोक महोत्सव-2025 के दौरान सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रतिष्ठित साहित्यकार महावीर रवांल्टा, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक बिजल्वाण, विशिष्ट अतिथि डा. स्वराज विद्वान (पूर्व सदस्य, अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार) तथा महोत्सव के द्वितीय दिवस के अध्यक्ष सुखदेव रावत (सदस्य, जिला पंचायत, उत्तरकाशी) प्रसिद्ध साहित्यकार महावीर सिंह रवांल्टा के कर-कमलों से इस शब्दकोश का लोकार्पण किया गया। यह शब्दकोश हिन्दी वर्णमाला के अनुसार अ से ह तक शब्दों को उनके रवांल्टी एवं अंग्रेजी अर्थों सहित प्रस्तुत करता है। इसके परिशिष्ट में स्वाद, गंध, स्पर्श, रंग, कृषि एवं घरेलू उपकरण, घर-मकान, नाते-रिश्ते, शारीरिक व्याधियाँ तथा सामाजिक और सांस्कृतिक शब्दावली को अर्थ सहित संकलित किया गया है। उल्लेखनीय है कि दिनेश रावत इससे पूर्व भी रवांई क्षेत्र की लोकसंस्कृति, देवगाथाओं से 'रवांई के देवालय एवं देवगाथाएं', 'रवांई क्षेत्र के लोक देवता एवं लोकोत्सव' और कविता से संबंधित 'माटी', 'तेरे जाने के बाद', 'पहाड़ बनते पहाड़' तथा 'का न हन्दू' (रवांल्टी कविता संग्रह) जैसी महत्वपूर्ण कृतियाँ प्रकाशित कर चुकीं हैं तथा शिक्षा विभाग एवं एससीईआरटी उत्तराखण्ड के भाषा-संरक्षण, पाठ्य-पुस्तक तथा शिक्षक प्रशिक्षण साहित्य निर्माण संबंधी कार्यों से भी जुड़े रहे हैं। श्हमारी विरासत एवं विभूतियां श लोक भाषा शब्दकोश तथा लोक भाषा पाठ्य पुस्तक निर्माण एवं संपादन समिति के आप सक्रिय सदस्य रहे हैं। लोकार्पण समारोह में रवांल्टी कवि ध्यान सिंह, प्रदीप रावत 'रवांल्टा', पांचजन्य के आर्ट डायरेक्टर शशिमोहन रावत 'रवांल्टा', केशव रावत, अनोज रावत 'बनाली', राजुली बत्रा और अनुरूपा 'अनुश्री' सहित बड़ी संख्या में भाषा एवं लोक-संस्कृति प्रेमी रहे।

# सेल्समैन के साथ हुई लूट का खुलासा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सेल्समेन के साथ हुई लूट का खुलासा करते हुए बहादराबाद पुलिस ने दो आरोपियों को 4 जनवरी को गिरफ्तार किया। शौक पूरा करने के लिए अपराध की दुनिया में कदम रखने वाले आरोपी पूर्व में भी यूपी व उत्तराखण्ड में लूट की घंटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। गिरफ्त में आये बदमाशों के कब्जे से चार लाख छह हजार रूपए, चालीस हजार रूपए कीमत का मोबाइल फोन, तमंचा व मोटर साईकिल बरामद हुई हैं। घटना का अंजाम देने के लिए आरोपियों ने सिडकुल से बाइक चोरी की थी। 30 दिसम्बर को शान्तरशाह क्षेत्र में सेल्समैन के साथ लूट की घटना सामने आयी थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकद्मा दर्ज किया था। 30 दिसम्बर को जगजीतपुर स्थित देशी शराब के ठेके से पैसे लेकर ऑटो से रुड़की के लिए निकले सेल्समैन कृष्णा राणा को पतंजली रिसर्च सेंटर के पास रुकवाकर दो अज्ञात व्यक्ति तमंचे के बल पर उसका बैग छीन फरार हो गए थे। एएसपी ज्वालापुर जितेन्द्र चौधरी के पर्यवेक्षण में गठित पुलिस टीम ने जांच पड़ताल करते हुए मुखबिर की सूचना पर रविवार को नहर पटरी निकट तिरछापुल से दो संदिग्धो श्रवण गिरि पुत्र रमेश गिरि निवासी देवबंद, सहारनपुर हाल निवासी दौलतपुर बहादराबाद व प्रणव पुत्र सुभाष सैनी निवासी ग्राम धनौरा, पिरान कलियर को तमंचे व मोटर साइकिल सहित दबोच लिया। पूछताछ में दोनो ने सेल्समैन से लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। दोनों शातिर काफी समय से जुर्म की दुनिया से जुड़े हुए हैं तथा कई बार जेल जा चुके हैं। एएसपी जितेंद्र चौधरी ने बताया कि आरोपी श्रवण गिरि के खिलाफ यूपी एवं उत्तराखण्ड में करीब एक दर्जन मुकदमें प्रकाश में आए हैं। कोतवाली डोईवाला में दर्ज दो मुकदमों में वह वांछित चल रहा था। दूसरे आरोपी प्रणव के खिलाफ हरिद्वार व देहरादून में तीन मुकदमें दर्ज हैं। श्रवण व प्रणव से पूछताछ में जुटाए गए सबूतों के आधार पर वारदात में दो अन्य संदिग्धों की भी संलिप्तता प्रकाश में आयी है। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। कानूनी कार्रवाई में थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा, एसएसआई नितिन बिष्ट, एसआई उमेश कुमार, एसआई जगमोहन सिंह, एसआई करम सिंह, हेडकांस्टेबल रामवीर सिंह, कांस्टेबल बलवंत, मुकेश नेगी, गम्भीर तोमर, विवेक गुसांई, सीआईयू प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र सिंह, कांस्टेबल वसीम, उमेश, नरेन्द्र व मनोज शामिल रहे।

# लघु उद्योग भारती कार्यक्रम का आयोजन

## सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन : त्रिवेंद्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** लघु उद्योग भारती हरिद्वार इकाई द्वारा सिडकुल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथी सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, रानीपुर विधायक आदेश चौहान एवं संगठन के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान संगठन की और से विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए एक ज्ञापन भी मुख्य अतिथी सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत को सौंपा गया। कार्यक्रम में हरिद्वार के सैकड़ों उद्यमी शामिल हुए। लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों के हित में संगठनात्मक गतिविधियों को सशक्त करने एवं उद्योगों को व्यावहारिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लघु उद्योग भारती के प्रदेश महामंत्री रोहित भाटिया ने कहा कि हरिद्वार जैसे औद्योगिक क्षेत्र में लघु उद्योग न केवल आर्थिक विकास का आधार हैं, बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका का प्रमुख साधन भी हैं। संगठन निरंतर संवाद एवं सकारात्मक समन्वय के माध्यम से उद्योगों से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु सरकार एवं प्रशासन के साथ कार्य कर रहा है।

रोहित भाटिया ने बताया कि लघु उद्योग भारती हरिद्वार इकाई द्वारा आगामी फरवरी माह में एक भव्य औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लगभग 250 प्रदर्शक, 10,000 से अधिक उद्यमी एवं लगभग 200 निर्यातक भाग लेंगे। यह प्रदर्शनी हरिद्वार के औद्योगिक विकास को नई दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने सभी उद्यमियों से आह्वान किया कि वे संगठन से जुड़कर सामूहिक शक्ति के माध्यम से अपने उद्योग एवं राष्ट्र के विकास में योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान लघु उद्योग भारती हरिद्वार एवं नेचुरल गैस प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता भी संपन्न हुआ। जिसके अंतर्गत उद्यमियों को रियायती दरों पर गैस उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्य अतिथी सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत व विधायक आदेश चौहान ने उद्यमियों की समस्याओं को दूर करने व सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार उद्योगों को आगे बढ़ाने के अनेक योजनाओं का संचालन कर रही है। जिससे औद्योगिक प्रगति को बढ़ावा मिल रहा है।



कार्यक्रम में लघु लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह तोमर, प्रदेश महामंत्री रोहित भाटिया, प्रदेश संरक्षक कैलाश मेलाना, पलक अधिकारी, अनिल वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित त्यागी, विभाग प्रमुख लोकेंद्र, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग से अध्यक्ष हरेंद्र गर्ग, सुमित अग्रवाल, हरिद्वार नेचुरल गैस से विकास बोरा फार्मा एग्जीबिशन से चिराग सहित दर्जनों उद्योगपति उपस्थित रहे।

# भेल स्टेडियम क्षेत्र में छात्रों का उत्पात

## निफ्टू ने की सख्त कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भेल मेन गेट पर स्टेडियम के पास उपनगरी में नामी स्कूल के बच्चो द्वारा उत्पात के खिलाफ हैवी इलेक्ट्रिकल्स वर्कर्स ट्रेड यूनियन (निफ्टू) के नेतृत्व में भेल श्रमिक संगठनों ने भेल प्रबंधन एवम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया। निफ्टू के महामंत्री विकास सिंह ने बताया कि 3 जनवरी को स्कूल के छात्रों द्वारा भेल स्टेडियम के पास अपने चार पहिया वाहनों से स्टंट करते हुए और तेज आवाज में गाने बजाते हुए बेहद खतरनाक तरीके से उत्पात मचाया गया। आने जाने वाले कर्मचारियों की जान जोखिम में डाली और उपनगरी का माहौल खराब किया। विकास सिंह ने कहा कि भेल प्रबंधन एवं पुलिस को उत्पात में प्रयुक्त वाहनों का चालान करने छात्रों को भी नसीहत देनी चाहिए। जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटना ना हो। ज्ञापन देने वालों में विकास सिंह, गगन वर्मा, राजकुमार, सचिन चौहान, डीके दास आदि श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि व अनेक कर्मचारी शामिल रहे।

# जरूरतमंदों की मदद के लिए एकम्स ने जिला प्रशासन को सौंपे कंबल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** लगातार बढ़ती ठण्ड और शीतलहर के मद्देनजर जरूरमंदों की मदद के लिए एकम्स ने जिला प्रशासन को कम्बल उपलब्ध कराए हैं। एकम्स हेल्थ एंड एजुकेशन सोसाइटी की ओर से अर्चना जैन ने जिलाधिकारी मयूर दीक्षित से भेंट कर कम्बलों का लाट सौंपा। इस अवसर पर अर्चना जैन ने जिलाधिकारी को भेंट स्वरुप एक पौधा भी प्रदान किया। जिला प्रशासन बढ़ती ठण्ड व शीलहर के तहत जरूरतमंदों व असहायों को चिन्हित कर उन्हें कंबल वितरित करेगा। कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत एकम्स की ओर से हर साल गरीबों व असहायों के लिए कम्बल दिए जाते हैं। जिन्हें कड़ाके की ठण्ड में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व पुलों के नीचे रात बिताने को मजबूर लोगों वितरित किया जाता है। इस अवसर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने एकम्स के प्रयासों की सराहना की और अर्चना जैन को एकम्स हेल्थ एंड एजुकेशन सोसाइ टी द्वारा किये जा रहे प्रयासों के लिए साधुवाद दिया। गौरतलब है कि शीतलहर के प्रकोप के चलते असहायों, मानसिक पीड़ितों, बेघर व गरीबों के लिए प्रशासन जरुरत की व्यवस्थाएं उपलब्ध करवा रहा है। एकम्स की तर्ज पर अन्य संस्थाओं से भी आगे आने की उम्मीद है। जिससे ठण्ड से पीड़ित गरीबों को राहत मिल सके।



# पुलिस लाइन परिसर का छमाही निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पुलिस लाइन रोशनाबाद, हरिद्वार के अर्द्धवार्षिक निरीक्षण के दौरान आवासीय बैरकों, कार्यालयों, शस्त्रागार, मेस, स्टोर, अभिलेखों एवं साफ-सफाई की स्थिति का गहन परीक्षण किया गया। संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा व्यवस्थाओं को और अधिक सुव्यवस्थित एवं बेहतर बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। शस्त्रागार का निरीक्षण करते हुए शस्त्रों के रख-रखाव एवं सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात लाइन परिसर में उपस्थित कर्मचारियों का सम्मेलन लिया गया जिसमें कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित निस्तारण हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत कराए जाने का आश्वासन दिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रवीण आलोक प्रतिसार निरीक्षक, भारत सिंह रावत, प्रवीण कुमार उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस उ.नि. एमटी रेवाधर भट्ट एवं अपर उ.नि. विक्रम तोमर, अपर उ.नि. काली शंकर पांडे एवं उ. नि. चतर सिंह मौजूद रहे।



# न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 4 व 5 जनवरी की रात्रि में कोतवाली ज्वालापुर द्वारा एक विशेष टीम का गठन कर वारण्टियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस द्वारान्यायालय, हरिद्वार द्वारा जारी गिरफ्तारी वारण्टों की तामील करते हुए वारण्टियों राव शाहवाज पुत्र राव शमशाद निवासी ज्वालापुर व अमन पुत्र स्वर्गीय प्रेम सिंह निवासी ज्वालापुर को उनके निर्धारित पतों पर दबिश देकर हिरासत में लिया। वारंटियों को न्यायालय पेश कर आदेशनुसार कार्रवाई की गई।

# नेशनल एनएफसी चैंपियनशिप अमित चौधरी ने जीता सिल्वर मेडल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आशिहारा कराटे मिक्स मार्शल आर्ट के स्टेट इंचार्ज अमित कुमार चौधरी ने नेशनल एनएफसी चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल प्राप्त कर हरिद्वार और उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। अमित कुमार चौधरी ने बताया कि 3 और 4 जनवरी को गुजरात में आयोजित एनएफसी नेशनल चैंपियनशिप में पूरे देश से लगभग 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। उत्तराखंड से अमित कुमार चौधरी ने प्रतिभाग करते हुए शानदान खेल का प्रदर्शन किया और सिल्वर मेडल प्राप्त किया। आशिहारा कराटे मिक्स मार्शल आर्ट के स्टेट इंचार्ज अमित कुमार चौधरी शिवडेल स्कूल में मार्शल आर्ट टीचर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। स्कूल के अध्यक्ष स्वामी शरद पुरी, प्रिंसिपल पुनीत श्रीवास्तव और स्कूल स्टाफ, आशिहारा कराटे मिक्स मार्शल आर्ट के संदीप पाठक, जयप्रकाश शर्मा, निहाल शर्मा, हर्षित पाली, श्रेयसी भारद्वाज, शिवम कुमार ने अमित कुमार चौधरी का स्वागत किया और बधाई दी। अमित कुमार चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, लगन और लक्ष्य के प्रति एकाग्रता से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है।



# एनएचएआई द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अधिशासी अभियंता अतुल शर्मा ने अवगत कराया की राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए मुजफ्फरनगर-हरिद्वार रोड प्रोजेक्ट पर एक व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ट्रक चालकों, स्कूली बच्चों, ग्रामीणों एवं आम नागरिकों को सुरक्षित ड्राइविंग आदतों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का संचालन विशेष रूप से तैयार किए गए रोड सेफ्टी सुरक्षा रथ के माध्यम से किया गया जिसमें ऑडियो एवं सार्वजनिक संबोधन प्रणाली स्थापित है। इस सुरक्षा रथ के जरिए सड़क सुरक्षा से संबंधित संदेशों का प्रसार ढाबों सड़क किनारे भोजनालय, आसपास के गांवों, व्यस्त चौराहों तथा राजमार्ग के प्रमुख स्थलों पर किया इस पहल का औपचारिक शुभारंभ परियोजना प्रबंधक एवं एनएचआईटी दक्षिणी परियोजनाएं के अधिकारियों द्वारा बहादराबाद टोल प्लाजा से किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सुरक्षित वाहन संचालन, यातायात नियमों के पालन और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम पर विशेष जोर दिया गया। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में सड़क सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर जनजीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।



# एनएसएस शिविर के पांचवें दिन महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता रैली

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 5 जनवरी 2026 को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज भेल रानीपुर हरिद्वार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर कैंप के पांचवें दिन स्वयंसेवियों द्वारा ग्राम बोंगला में महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर रैली निकाली गई कार्यक्रम अधिकारी दीपक कुमार और नगेंद्र चौहान, तिमांशु बडोनी, रुद्राक्षी उपस्थित रहे, बौद्धिक सत्र में पूनम भट्ट का बौद्धिक सुनने को मिला उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में महिला सशक्तिकरण अभियान को दृढ़ता के साथ चलाए जाने की आवश्यकता है क्योंकि वर्तमान में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं इसके अलावा उन्हें आगे आने के ज्यादा मौके नहीं दिए जा रहे इसलिए महिलाओं को जागरूक होना होगा समाज को बेटा और बेटी को एक समान मानना होगा इस दौरान स्वयं सेवइयां ने नुक्कड़ नाटक और गीत आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।



# मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** स्वर्गीय चंद्रपाल मलिक की स्मृति में क्रेजी क्रिकेटर्स ऑफ भेल द्वारा भेल स्टेडियम में आयोजित प्रथम मलिक प्रथम मेमोरियल टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया। 23 नवम्बर 2025 को शुरू हुए टूर्नामेंट में बीएचईएल के विभिन्न विभागों की 8 टीमों ने भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथी भेल नगर प्रशासक संजय पंवार ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्राफी प्रदान की और फाइनल मैच में प्रतिभाग करने वाले दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। आयोजन समिति को टूर्नामेंट के सफल आयोजन की बधाई देते हुए संजय पंवार ने कहा कि यह टूर्नामेंट सिर्फ एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह स्मृति, सम्मान और प्रेरणा का मंच भी बना। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपने खेल के माध्यम से अनुशासन, समर्पण, कर्तव्य और टीम भावना का परिचय दिया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपनी प्रोफेशनल और व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं के साथ खेल को भी जारी रखें और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में निष्पक्ष खेल भावना को आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर भेल के वरिष्ठ प्रबंधक वित्त देशराज, सामुदायिक केंद्र के सचिव अरूण कुमार, मलिक जी जीरा एवं साकेत एंटरप्राईसेस के को-फाउंडर साकेत मलिक, विनिता मलिक, इंदर बाला मलिक सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



# अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक : डीएम

## सरकारी संपति से अतिक्रमण हटाने के आदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी ने जिला कार्यालय सभागार में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जिला योजना, राज्य सेक्टर, केंद्र पोषित योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की एवं व्यय की गई धनराशि की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिला योजना के अंतर्गत जो भी कार्य किए जाने है उन कार्यों को तत्परता से करते हुए स्वीकृत धनराशि को व्यय करना सुनाश्चित करे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि विकास खंडों की न्याय पंचायतों में आयोजित हो रहे जन जन की सरकार जन जन के द्वारा बहुउद्देशीय शिविरों की जानकारी का व्यापक प्रचार प्रसार कराए जिससे कि अधिक से अधिक लोग शिविर में पहुंचकर उसका लाभ ले सके। जनपद में किसी भी तरह का कोई अतिक्रमण न हो सरकारी संपतियों एवं क्षेत्रों से सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों से तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में लाए तेजी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों नगर पालिका, नगर पंचायतों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए है कि उनके क्षेत्र में एवं किसी भी सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण किया गया है तो उससे हटाने की कार्यवाही तत्परता से की जाए इसमें किसी भी प्रकार की कोई ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा सरकारी संपतियों पर बिना अनुमति के पोस्टर, बैनर एवं स्लोगन चस्पा न किया जाए यदि किसी व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति के सरकारी संपतियों को गंदा किया गया है तो उनको नोटिस निर्गत करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनपद हरिद्वार को स्वच्छ,सुंदर जनपद बनाने के लिए सफाई अभियान में सभी अधिकारी लाए तेजी उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनपद को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सभी अधिकारी सफाई कार्यों में तेजी लाए तथा कार्यालयों में स्वच्छता बनाएं रखने के लिए कार्यालय एवं आसपास क्षेत्रों की साफ सफाई व्यवस्था ठीक ढंग से कराई जाए तथा की जा रही सफाई कार्यों की जानकारी ग्रुप में भी शेयर करे,इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी जनपद हरिद्वार को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सभी लोग अपना पूर्ण सहयोग दें। जिलाधिकारी ने कोहरे के दृष्टिगत परिवहन विभाग को सतर्क रहने के दिए निर्देश। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को निर्देश दिए है कि वर्तमान समय में घने कोहरे के कारण कोई दुर्घटना गठित न हो, इसपर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए तथा वाहनों पर रिफ्लेक्टर स्टीकर चस्पा करने के भी निर्देश दिए गए, ओवरलोडिंग एवं तेज रफ्तार वाहनों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों,नगर निगम, जिला पंचायत, नगर पालिका एवं नगर पंचायतो को गरीब, श्रद्धालुओं एवं निराश्रित लोगों को शीतलहर के प्रकोप से बचाने के लिए सभी से अपने अपने क्षेत्रों में एवं प्रमुख स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था निरंतर की जाए, इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में सीडीओ, एडीएम, सीएमओ, डीडीओ, एसडीएम जितेंद्र कुमार, सीईओ, अधीक्षण अभियंता लो.नि.वि, जिला अर्थ संख्या आधिकारी, एसडीओ वन विभाग, अपर परियोजना निदेशक, एआरटीओ, जिला आपदा प्रबन्धन सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# 11 जनवरी को मनाया जाएगा इलेक्ट्रोहोम्यापैथी दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** इएमए कैम्पस बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिकल साइंस एंड कैंसर रिसर्च सेंटर अलीपुर बहादराबाद में एसोसिएशन की प्रदेश कार्यसमिती की बैठक आयोजित की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए इएमए के प्रदेश अध्यक्ष डा मुकेश चौहान ने कहा कि इएमए द्वारा विश्व इलेक्ट्रोहोमियोपैथी दिवस आगामी 11 जनवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर आयोजित समारोह की मुख्य अतिथी राज्यसभा सांसद डा.कल्पना सैनी होंगी तथा समारोह की अध्यक्षता इएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.केपीएस चौहान करेंगें। बैठक मे डा.एनएस ताकुली, डा.डीबी कुमार, डा.ऐके अग्रवाल, डा. सुरेंद्र कुमार, डा.एसके अग्रवाल, डा.आदेश शर्मा, डा.एमटी अंसारी, डा.ऋचा आर्य, डा. अशोक कुमार, डा.एसपी डोभाल आदि मौजूद रहे।




# पुण्य तिथी पर संत समाज ने दी ब्रह्मलीन स्वामी विनोद को श्रद्धांजलि

## गुरू परमात्मा का दूसरा स्वरूप : डॉ.राधा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भूपतवाला स्थित सिद्ध बाबा अमीर गिरी धाम के ब्रह्मलीन परमाध्यक्ष स्वामी विनोद गिरी महाराज की पांचवी पुण्य तिथी पर सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों ने उनका भावपूर्ण स्मरण करते श्रद्धा सुमन अर्पित किए। आश्रम की परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर डा.राधा गिरी माता के संयोजन में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता करते हुए महंत देवानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि अपना पूरा जीवन सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित करने वाले ब्रह्मलीन महंत विनोद गिरी महाराज त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति थे। उनके विचार और कार्य सदैव सभी को प्रेरणा देते रहेंगे। महामंडलेश्वर डा. राधा गिरी माता ने कहा कि गुरू ही परमात्मा का दूसरा स्वरूप हैं और गुरू से बढ़कर संसार में कोई वस्तु नहीं है। उन्होंने कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें गुरू के रूप में ब्रह्मलीन महंत विनोद गिरी जैसे दिव्य संत का सानिध्य प्राप्त हुआ। गुरू के दिखाए मार्ग पर चलते हुए आश्रम की सेवा संस्कृति को आगे बढ़ाना ही उनके जीवन का उद्देश्य है। भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी महाराज व महंत साधनानंद महाराज ने कहा कि सिद्ध बाबा अमीर गिरी धाम सेवा और संस्कृति का प्रमुख केंद्र है। महामंडलेश्वर डा.राधा गिरी माता जिस प्रकार अपनी गुरू परंपरांओं का अनुसरण करते हुए सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के साथ मानव कल्याण में योगदान कर रही हैं। वह सभी के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर महंत कामेश्वर पुरी, स्वामी जगदीशानंद, स्वामी अनंतानंद, स्वामी हरिवल्लभदास शास्त्री, स्वामी पारस मुनि सहित अनेक संत महापुरूष, साध्वियां व श्रद्धालुजन मौजूद रहे।



# 48 पैकेट देशी शराब बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 5 जनवरी को थाना सिडकुल पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पाल मार्केट से एक व्यक्ति को 48 पैकेट अवैध देशी शराब मार्का किन्नू व माल्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सिद्धार्थ पुत्र शेर सिंह निवासी पंचायती घर के पास, रावली महदूद के विरुद्ध मुकदमा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

# शिकायतों के निराकरण के आदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सीएम हेल्पलाइन में दर्ज समस्याओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि दर्ज शिकायतों को संबधित अधिकारी समय सीमा के अंतर्गत तत्परता से निस्तारण करना सुनाश्चित करे तथा शिकायतकर्ता से पोर्टल के माध्यम से भी बात करने के निर्देश दिए गए। एक माह से अधिक लंबित शिकायतों का तत्परता से निस्तारण कराना सुनाश्चित करे। समीक्षा के दौरान संज्ञान में आया की एल 1 पर 541 शिकायतें तथा एल 2 पर 57 शिकायतें निस्तारण हेतु लंबित है।

# 170 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 4 जनवरी को थाना पथरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बोड़ाहेड़ी मे दो पक्ष आपस में लड़ झगड़ कर शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर रहे थे। शांति व्यवस्था भंग करने पर दो आरोपी अब्दुल जब्बार उर्फ मानू व मुसर्रत पुत्र इब्राहिम निवासी ग्राम बोड़ाहेड़ी पथरी के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत हिरासत में लिया गया।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
**डी. एस. वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# अवैध प्लॉटिंग पर गरजी एमडीडीए की जेसीबी

## सलियावाला धौलास में 10 बीघा भूमि ध्वस्त, थी मानकों के विपरीत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने प्राधिकरण क्षेत्र में बढ़ते अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक स्तर पर ध्वस्तीकरण अभियान तेज कर दिया है। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के तहत एमडीडीए की प्रवर्तन टीमें लगातार फील्ड में उतरकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर रही हैं। इस अभियान का उद्देश्य न केवल अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना है, बल्कि नियोजित विकास को सुनिश्चित करना और आम नागरिकों के हितों की रक्षा करना भी है।



मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। प्राधिकरण की टीम द्वारा नीरज शर्मा एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा सलियावाला, धौलास, देहरादून क्षेत्र में लगभग 08 से 10 बीघा भूमि में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जांच में यह प्लॉटिंग बिना स्वीकृत लेआउट एवं मानकों के विपरीत पाई गई, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। उक्त कार्रवाई संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों के अनुपालन में की गई। ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान सहायक अभियंता सुर्जीत सिंह रावत, अवर अभियंता हर्षित मौठानी, संबंधित सुपरवाइजर एवं पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। कार्रवाई शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराई गई। एमडीडीए द्वारा स्पष्ट किया गया है कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण एवं अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। आम नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की भूमि खरीद या निर्माण से पूर्व प्राधिकरण से आवश्यक स्वीकृतियां अवश्य प्राप्त करें।

### नागरिकों को किया जा रहा जागरूक

एमडीडीए अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की भूमि खरीदने या निर्माण कार्य शुरू करने से पहले प्राधिकरण से संबंधित स्वीकृतियों की पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त करें। अवैध कालोनियों में निवेश करने से आम लोग अपने जीवन की गाढ़ी कमाई जोखिम में डाल देते हैं, इसलिए जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। प्राधिकरण की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ भविष्य में और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। बार-बार चेतावनी और नोटिस के बावजूद नियमों की अनदेखी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### अवैध कालोनियों में निवेश से बचें: बर्निया

सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया ने कहा एमडीडीए की प्रवर्तन टीमें लगातार प्राधिकरण क्षेत्र में निरीक्षण कर रही हैं। अवैध निर्माण और प्लॉटिंग के मामलों में नियमानुसार ध्वस्तीकरण, सीलिंग और नोटिस की कार्रवाई की जा रही है। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी है और कानूनी प्रावधानों का पालन किया जा रहा है। आम जनता से अनुरोध है कि वे अवैध कालोनियों में निवेश से बचें और किसी भी निर्माण से पहले प्राधिकरण से जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

### प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग बर्दाश्त नहीं करेंगे: तिवारी



उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई पूरी तरह नियमों के तहत और जनहित में की जा रही है। हमारा उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि क्षेत्र के सुनियोजित विकास और पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित करना है। सभी नागरिकों से अपील है कि निर्माण से पहले मानचित्र स्वीकृति और अन्य आवश्यक अनुमतियां अवश्य लें। जो लोग नियमों का उल्लंघन करेंगे, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि यह अभियान किसी व्यक्ति विशेष या क्षेत्र विशेष के खिलाफ नहीं है, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी मामलों में समान रूप से कार्रवाई की जा रही है। एमडीडीए का मानना है कि सख्त प्रवर्तन के साथ-साथ नियोजित विकास की दिशा में सकारात्मक संदेश देना भी आवश्यक है। वैध निर्माण करने वालों और नियमों का पालन करने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# स्वयंसेवियों ने सीखे पर्वतारोहण व आपदा प्रबंधन के गुर

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत निकाली जन जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** आशा राम वैदिक इण्टर कॉलेज, विकासनगर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवियों को आपदा प्रबंधन और साहसिक गतिविधियों, पर्वतारोहण का प्रशिक्षण दिया गया। बौद्धिक सत्र के दौरान 'निम्स' प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षक राजेश रावत व दिनेश रावत ने स्वयंसेवियों को पर्वतारोहण और आपदा की स्थिति में बचाव कार्यों की बारीकियां सिखाई। स्वयंसेवियों को आपदा के दौरान प्रयोग होने वाले उपकरणों, रस्सियों के तकनीकी इस्तेमाल और उन पर बांधी जाने वाली विभिन्न प्रकार की जीवन रक्षक गांठों का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजीव कलूरा द्वारा बताया गया कि पर्वतारोहण को रोजगार हेतु भावी कैरियर के रूप में अपनाया जा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी अनीता, अनिल नेगी के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने विकासनगर से भीमावाला तक बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर एक भव्य जागरूकता रैली निकाली। इस



अवसर पर कार्यक्रम सहायक पीतांबर तोमर, विद्यालय का समस्त स्टाफ और एनएसएस के स्वयंसेवी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

वहीं दूसरी ओर सरस्वती विद्या मंदिर बाबूगढ़ विकासनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान' के तहत बीडीएम इंटर कालेज से लेकर हनुमान मंदिर बैरागी वाला तक जन जागरूकता रैली निकाली तथा वहां जाकर मंदिर परिसर के आसपास श्रमदान व स्वच्छता कार्य किया। शिविर के बौद्धिक सत्र का प्रारंभ मुख्य वक्ता डा. संध्या (स्वामी विवेकानंद धर्मार्थ चिकित्सालय धर्मावाला), अधिकारी कुलदीप जगवाण, उर्वशी कुकरेती, जित. द्र सैनी, पंकज नौटियाल, सुभाष चमोली आदि के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। शि. विर के बौद्धिक सत्र में डा. संध्या ने स्वयंसेवियों को बताया कि आधुनिक समाज में मनुष्य की खान-पान की शैली बदलती जा रही है। इंसान जंक फूड की तरफ दौड़ रहा है जिससे कि मानव शरीर पर अनेक प्रकार के दुष्प्रभाव पड़ रहे हैं तथा विभिन्न प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं। इस अवसर पर गुलाब सिंह, मनीष जगूड़ी तथा स्वयंसेवी विधि, कंचन, साक्षी, राशि, अदिति, वैष्णवी, सौरवी, अपूर्वा, वंशिका, कामना, रितेश, शशांक, अभय, रवीश, नैतिक, पार्थ, आदित्य, पीयूष, अनुज, अनुराग, कृष्ण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# वनाधिकार को लेकर अब कांग्रेस उतरेगी सड़कों पर

## भाजपा सरकार हर वर्ग का कर रही शोषण: संजय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जनजाति क्षेत्र जौनसार बावर के वनाधिकार हक हकूकों को लेकर जहां पहले उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा सामने आया था वहीं अब इस मामले को लेकर कांग्रेस ने भी सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी है। जिसको लेकर आज कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संजय किशोर और पार्टी के पदा. धिकारियों ने पत्रकार वार्ता को संबो. धित किया।

जिसमें वक्ताओं ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार हर वर्ग का शोषण कर रही है, जिसके चलते जनजाति क्षेत्र जौनसार बावर को भी उनके वनाधिकारियों से वंचित किया जा रहा है। कहा कि यहां के लोगों को जहां पहले अपने इस्तेमाल के चारा पत्ती, उपखनिज सामग्री और माफी की लकड़ी मिला करती थी, वहीं अब इन सब से उन्हें वंचित किया जा रहा है। जिसके बारे में स्थानीय स्तर से लेकर सरकार तक अपनी मांगों को रखा जा चुका है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माफी की लकड़ी पर पहला अधिकार स्थानीय ग्रामीणों का है, लेकिन उन्हें इससे वंचित रखा जा रहा है, जबकि वन निगम बड़े पैमाने पर दोहन कर रहा है। कांग्रेस के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि इन व्यवस्थाओं में जल्द सुधार नहीं लाया गया तो आगामी बीस तारिख को सड़कों उतर कर धरना प्रदर्शन और घेराव किया जाएगा।

# मथलऊ पंचायत की सराहनीय पहल

## शादी-समारोहों में शराब और नोटों की माला पर लगा पूर्ण प्रतिबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद के थत्यूड़ क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत मथलऊ में सामाजिक चेतना और सुधार की एक नई मिसाल पेश की गई है। यहां आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का बीड़ा उठाया है। ग्राम प्रधान पुलम सिंह रावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में शादी-विवाह और अन्य मांगलिक अवसरों पर शराब के सेवन और प्रदर्शन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने का ऐतिहासिक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है। ग्रामीणों का यह निर्णय न केवल युवा पीढ़ी को नशे के गर्त में जाने से बचाने का कार्य करेगा, बल्कि आयोजनों में होने वाली अनावश्यक फिजूलखर्ची पर भी लगाम लगाएगा। बैठक के दौरान विशेष रूप से गांव की मातृशक्ति ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए इस मुहिम को अपना पूर्ण समर्थन दिया। महिलाओं का कहना था कि विवाह, मेहंदी और मुंडन जैसे पवित्र संस्कार, जो खुशी और उल्लास के प्रतीक हैं, अक्सर नशे



के कारण विवाद और अशांति का केंद्र बन जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए पंचायत ने कड़ा निर्णय लिया है कि भविष्य में गांव के भीतर होने वाले मुंडन संस्कारों को पूरी तरह धार्मिक रीति-रिवाजों और सादगी के साथ संपन्न कराया जाएगा। किसी भी आयोजन में शराब परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी और यदि कोई नियम का उल्लंघन करता है तो समाज उसे स्वीकार नहीं करेगा। इसके अतिरिक्त, बैठक में विवाह समारो. हों के दौरान नोटों की माला पहनाने की प्रचलित प्रथा को भी हतोत्साहित करने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने एकमत होकर माना कि यह केवल दिखावे और धन की बर्बादी का माध्यम है। इसके स्थान पर वर-वधू को आशीर्वाद स्वरूप नगद धनराशि देने को प्राथमिकता दी जाएगी, जो उनके भविष्य निर्माण में काम आ सके। बैठक में पश्चिमी संस्कृति के बढ़ते अंधानुकरण पर चिंता व्यक्त करते हुए अपनी समृद्ध स्थानीय लोक संस्कृति, पारंपरिक वाद्य यंत्रों और पहाड़ी रीति-रिवाजों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इस सामा. जिक महायज्ञ में विकास मंच के सदस्य रतनमणि भट्ट, विपिन उनियाल, खेमराज भट्ट, महावीर सिंह, पूर्ण सिंह, रूपचंद, प्रेम सिंह, बिमला देवी, गजरा देवी, मंजू देवी, शकुंतला देवी, विनीता देवी, पुष्पा देवी, राधा देवी और कमला देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इन सुधारवादी प्रस्तावों का समर्थन किया।

# कांग्रेस झूठे इलज़ाम लगा रही है: महिला मोर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** भारतीय जनता पार्टी जिला देहरादून ग्रामीण विधानसभा में हरबर्टपुर चौक पर मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा व शहर मंडल अध्यक्ष विकासनगर शुभम गर्ग के नेतृत्व में महिला मोर्चा द्वारा डाकपत्थर रोड विकासनगर में कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया गया। भाजपा महिला मोर्चा का कहना था बीते पिछले दिनों से कांग्रेस पार्टी अं. कता भंडारी प्रकरण को लेकर ,पूरे उत्तराखंड प्रदेश में झूठ और बी बुनियादआरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने का काम कर रही है और भाजपा पर बेबुनियाद आरोप लगा रही है, अंकिता भंडारी उत्तराखंड प्रदेश में रहने वाले सभी की बेटी है, कानून ने अपना कार्य पूर्ण करके दोषियों को जेल भेज दिया है, अब बीते 3 साल के बाद कांग्रेस का यह प्रचार और प्रसार बेबुनियाद है। पुतला दहन कार्यक्रम में नगर सह प्रभारी संजय गुप्ता, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष रावत, नगर पालिका सभासद विना. द कश्यप, जिला उपाध्यक्ष ऋषभ अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र चावला, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी आकाश मुल्तानी, श्यामा देवी, मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, सुषमा गुप्ता, महामंत्री ममता मुल्तानी, महामंत्री प्रमोद रोहिल्ला, दिनेश कौशिक, हेमंत गुप्ता, रोहित गुप्ता, बलवंत सिंह,जगपाल चौधरी, मनोज राठौर,रविकांत राठौर, नरेश कनोजिया, मंसूर खान, जिला महामंत्री अमित डबराल, मुकेश वर्मा, दीपक जैन, नरेश कुमार, सुनीता गुलेरिया, अनुपमा टोंक, उपासना, कांति देवी, रेखा सिंह, सुमित टोंक, प्रभात ठाकुर, रोहित रोहिला, यामीन, संजय चौहान, राजकिशोर, विक्की शमशाद, आदित्य पाल आदि उपस्थित रहे।

## डा. प्रवेश त्रिपाठी को शिक्षा शोध गौरव सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय, चकराता की उपलब्धियों में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। महाविद्यालय के कला संकाय अंतर्गत हिंदी विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रो. डा. प्रवेश कुमार त्रिपाठी को शिक्षा शोध गौरव सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान ग्लोबल शिक्षा समिति के तत्वावधान में एसएमआर जनजातीय पीजी कालेज, सहिया (देहरादून) में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी हभारतीय ज्ञान परंपरा, शिक्षा, विज्ञान एवं समाज में समकालीन प्रासंगिकता के अवसर पर प्रदान किया गया। संगोष्ठी के दौरान आयोजक संस्था एवं ग्लोबल शिक्षा समिति द्वारा संयुक्त रूप से डा. प्रवेश कुमार त्रिपाठी को यह सम्मान प्रदान किया गया। डा. त्रिपाठी को यह सम्मान शिक्षा, सामाजिक सेवा तथा समक. ालीन समाज में प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा के समन्वय एवं संतुलन के लिए उनके सतत प्रयासों के लिए दिया गया। सम्मान समारोह में पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, ग्लोबल शिक्षा समिति के अध्यक्ष सरदार सिंह तोमर एवं सचिव अनिल सिंह तोमर द्वारा, देशभर से आए वरिष्ठ प्राध्यापकों, विषय विशेषज्ञों एवं विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट विभूतियों की उपस्थिति में उन्हें सम्मानित किया गया।

# श्रमदान से मोटर मार्ग का निर्माण करने पहुंचे ग्रामीण

## सिस्टम को दिखाया आइना: विगत मार्च से बंद पड़ा है मोटर मार्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारघाटी के ग्राम तरसाली में मोटरमार्ग के कार्य को पूर्ण करने को लेकर ग्रामीणों ने श्रमदान करना प्रारंभ कर दिया है। दरअसल, गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग से दो किमी की दूर तरसाली गांव के लिए वर्ष 2018 में राज्य वित्त से तीन किमी मोटरमार्ग की स्वीकृति मिली थी, जिसका कटिंग कार्य वर्ष 2021 में प्रारंभ किया गया था, लेकिन विगत मार्च से कार्य बंद है। ग्रामीणों ने बताया करीब दो किमी कलटग कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं शेष आठ सौ मीटर के करीब ही कटिंग



कार्य शेष है। जनप्रतिनिधियों, उच्च अधिकारियों एवं लोनिवि के आला अधिकारियों के पास मोटरमार्ग कार्य को पूर्ण करने की मांग को लेकर कई बार जा चुके हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी सिर्फ कोरे आश्वासन देकर बैरंग लौटा देते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पांच जनवरी से श्रमदान करने को लेकर जिला प्रशासन सहित लोनिवि को पत्र दिया गया था। उसी को लेकर ग्रामीण एकत्र हुये मोटरमार्ग पर श्रमदान कर रहे हैं। वहीं साढ़े बारह बजे के करीब विभाग की जेसीबी मशीन मौके पर पहुंची। जिसको लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने कहा सिर्फ खानापूर्ति के लिए जेसीबी मशीन भेजी गई है, जबकि कटिंग कार्य के लिए बड़ी पाकलैंड मशीन की आवश्यकता है। दोपहर बाद मशीन ने तरसाली मोटरमार्ग पर मलबा हटाने का कार्य प्रारंभ किया। इस दौरान ग्रामीण धर्मानंद सेमवाल, प्रियधर अन्थवाल ने बताया कि तरसाली गांव के लिए तीन किमी मोटर रोड स्वीकृत हुई, जिसमें दो किमी से अधिक कटिंग कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि आठ सौ मीटर के करीब ही कटिंग कार्य शेष है। इधर, लोनिवि ऊखीमठ एई नरेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार को तरसाली मोटरमार्ग पर कार्य प्रारंभ करने के लिए मशीन भेज दी गई है। उन्होंने बतया कि मंगलवार को एनएच, लोनिवि एवं जियोलजिस्ट की टीम का संयुक्त निरीक्षण किया जाएगा, उसके बाद ही मोटर रोड के कार्य को लेकर आगे कार्य किया जाएगा।

# चिन्यालीसौड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ डाक्टरों की भारी कमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी)।** चिन्यालीसौड़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से विशेषज्ञ डाक्टरों की भारी कमी बनी हुई है। स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री एवं बाल रोग, हड्डी रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, सर्जन जैसे महत्वपूर्ण पद रिक्त पड़े हैं, जिसके कारण स्थानीय लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्वास्थ्य केंद्र केवल चिन्याली सौड़ ही नहीं, बल्कि प्रताप. नगर और थौलधार विकास खंड के दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के लिए भी प्रमुख उपचार केंद्र है। विशेषज्ञ डाक्टरों की अनुपस्थिति में मरीजों को मजबूरी में जिला अस्पताल या निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ता है, जिससे उन्हें




आर्थिक व मानसिक परेशानी झेलनी पड़ती है। इस समस्या को लेकर प्रमुख रणवीर सिंह महन्त, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कोहली एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुमन बडोनी ने सरकार और प्रशासन से चिन्याली सौड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला चिकित्सालय का दर्जा देने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि क्षेत्र की जनसंख्या और मरीजों की संख्या को देखते हुए यहां उप जिला चिकित्सालय की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि शीघ्र ही विशेषज्ञ डाक्टरों की तैनाती और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार नहीं किया गया, तो क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा जाएंगी। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जनता के हित को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

# गौचर में सरकार के विरोध में निकाला जुलूस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौचर।** अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर राज्य के मुख्य विपक्षी पार्टी के अध्यक्ष के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सीबीआई जांच और वीआईपी के नाम का खुलासा करने को लेकर मुख्य बाजार में जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पुलिस चौकी के पास गणेश गोदियाल का स्वागत कर प्रदेश सरकार के खिलाफ में नारेबाजी करते हुए मुख्य बाजार से होकर बाजार के अंतिम छोर तक गए इस अवसर पर बद्रीनाथ के विधायक लखपत बुटोला पूर्व विधायक जीतराम जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार डिमरी, पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी, पालिका अध्यक्ष संदीप नेगी, अजय किशोर भंडारी, मनोज नेगी, हरीश नयाल, पूनम रावत, विनोद कनवासी, गौरव कपूर, पूरण नेगी मौजूद थे।

# 'आज दो, अभी दो' का नारा लगाने वाले आंदोलनकारी पहचान को मोहताज

## आक्रोश: मुजफ्फरनगर और दिल्ली कांड के गवाहों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** पृथक उत्तराखंड राज्य निर्माण के लिए आज दो, अभी दो के गगनभेदी नारों के साथ सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने वाले आंदोलनकारी आज अपने ही राज्य में पहचान के संकट से जूझ रहे हैं। मुजफ्फरनगर और दिल्ली जैसे बड़े आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाने के बावजूद राज्य आंदोलनकारी का दर्जा न मिलने से इन सेनानियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में अपनी पीड़ा और नाराजगी व्यक्त करते हुए पीड़ित आंदोलनकारियों ने जिलाधिकारी टिहरी नितिका खंडेलवाल को एक ज्ञापन प्रेषित किया है, जिसमें उन्होंने प्रशासन से छूटे हुए आंदोलनकारियों को तत्काल चिन्हित कर उन्हें उनका वाजिब हक और सम्मान देने की मांग की है।

आंदोलनकारियों का कहना है कि उन्होंने पृथक राज्य के सपने को साकार करने के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना नैनबाग, मसूरी, मुजफ्फरनगर और दिल्ली में हुए भीषण दमन का सामना किया और पूरी ताकत के साथ लड़ाई लड़ी। विडंबना यह है कि जिस राज्य के लिए उन्होंने लाठियां खाईं, आज उसी राज्य में उन्हें अपनी भागीदारी साबित करने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि एक साजिश के तहत चंद लोगों द्वारा जानबूझकर रजिस्टर, पहचान पत्र और अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों व दस्तावेजों को गुम कर दिया गया, जिसके चलते उनके पास अपनी सक्रियता का कोई पुख्ता लिखित प्रमाण उपलब्ध नहीं है। यही कारण है कि वर्षों बीत जाने के बाद भी वे राज्य आंदोलनकारी की श्रेणी में शामिल होने से वंचित रह गए हैं। हाल ही में न्याय पंचायत श्रीकोट में आयोजित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम में भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था, जहां बड़ी संख्या में वंचित आंदोलनका. रियों ने प्रशासन के समक्ष अपनी व्यथा रखी थी। ज्ञापन देने वालों का कहना है कि इस संवेदनशील मामले में शासन और प्रशासन से कई बार पत्राचार किया जा चुका है और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही हाथ लगे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उन्हें न्याय नहीं मिला, तो वे उग्र कदम उठाने को बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से सूरत सिंह रावत, जयवीर सिंह, मोहन लाल थपलियाल, रणवीर सिंह, सोबत सिंह, सुमन लाल, शूरवीर सिंह, घनश्याम और कुशलानंद सहित कई अन्य आंदोलनकारी मौजूद रहे।

# भीम आर्मी ने फूंका सरकार का पुतला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भीम आर्मी और मूलनिवासी संघ ने संयुक्त रूप से अंकिता भण्डारी हत्याकांड में सीबीआइ जाँच में हो रही देरी के विरोध में उत्तराखंड सरकार का पुतला फूंका। पुतला फूंकने से पहले सभा में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा, कांग्रेस का पुतला फूंक कर लोगों को बरगला रही है। अंकिता हत्याकांड की सीबीआइ जांच की मांग विपक्ष की नहीं उत्तराखण्ड की आम जनता इंसाफ मांग है। अंकिता भंडारी हत्याकांड एक बहुत ही दुखद और विवादित मामला है। 19 वर्षीय युवती की हत्या कर दी गयी। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को गिरफ्तार किया था। आरोपियों पर हत्या, साक्ष्य छुपाने और अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अंकिता पर वीआईपी मेहमान को एंटरटेन करने का दबाव बनाया था, जिसे उसने ठुकरा दिया था। इस मामले में एक वीआईपी का नाम सामने आया था, जिसे लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। नफीस अहमद खान ने कहा कि वैसे तो सीबीआइ जांच की कोई ज़रूरत नहीं है, सरकार को पता है कि वह वीआइपी कौन है। हमें शक है कि वह वीआइपी भाजपा का कोई बड़ा नेता है जिसे बचाया जा रहा है। अंकिता भंडारी के अलावा मनीषा बाल्मीकि, एंजेल चकमा के हत्यारों को भी फांसी की सजा मिलनी चाहिए। पुतला फूंकने वालों में भीम आर्मी जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान, मूलनिवासी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक चनियाल, आज़ाद समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सिराज अहमद, जीआर आर्य, आरपी गंगोला, सुंदरलाल बौद्ध, महेश चंद्र आर्य, फिरोज़ खान, जीतराम, रितिक कांत, हरीश लोधी, सुलेमान मालिक, विकास कुमार आदि थे।

